## गुस्ताखी माफ



मोहाली से प्रेम यह, अच्छा है श्रीमान।
हलवारे पर भी जरा, दे देते कुछ ध्यान।
दे देते कुछ ध्यान, रवैया छोड़ें टालू।
यहां उड़ानें उड़ें, इसे करवायें चालू।
कह साहिल कविराय, रहेगा कब तक खाली।
हलवारा भी चले, चल रहा ज्यों मोहाली।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल


RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS





VOL: 10 | ISSUE 358 | SUNDAY 04-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कांटे की टक्कर, 18-18 के समीकरण ने बढ़ाई सियासी बेचैनी

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 जनवरी। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव की तारीख तय होते ही शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस बार मुकाबला पूरी तरह बराबरी का बन गया है, जहां भाजपा और आम आदमी पार्टीझ्र कांग्रेस गठबंधन के पास 18-18 पार्षदों का समर्थन है। ऐसे में मेयर की कुर्सी एक वोट या किस्मत के फैसले पर टिक गई है। राजनीतिक समीकरणों के अनुसार, यदि मतदान के दौरान किसी भी पार्षद ने पाला नहीं बदला, तो बराबरी की स्थिति में टॉस के जरिए मेयर का चयन किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार क्रॉस वोटिंग की संभावना बेहद कम मानी जा रही है, क्योंकि मतदान प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है।








## पहली बार खुले मतदान से होगा चुनाव

इस बार मेयर का चुनाव बैलेट पेपर से नहीं, बल्कि हाथ उठाकर खुले मतदान के जरिए होगा। प्रत्येक उम्मीदवार का नाम क्रम से पुकारा जाएगा और पार्षद सार्वजनिक रूप से हाथ उठाकर मतदान करेंगे। मतों की गणना दृश्य सत्यापन और मौखिक पुष्टि के माध्यम से की जाएगी, ताकि किसी तरह का विवाद न हो।

## राजनीतिक दलों की बढ़ी चौकसी

- आम आदमी पार्टी की दो महिला पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस और आप ने अपने पार्षदों की कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। वहीं, भाजपा लगातार विपक्षी पार्षदों से संपर्क साध रही है। भाजपा का आकलन है कि जैसे ही मेयर पद के उम्मीदवार का ऐलान होगा, अन्य दावेदारों की नाराजगी खुलकर सामने आ सकती है, जिसका लाभ पार्टी को मिल सकता है।

## २९ जनवरी को होगा फैसला

- 29 जनवरी को शहर को नया मेयर मिलेगा। इसी दिन सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का भी चुनाव होगा। यह नगर निगम के वर्तमान कार्यकाल का अंतिम मेयर चुनाव है। दिसंबर में होने वाले निगम चुनावों से पहले नए मेयर का कार्यकाल एक साल से भी कम रहेगा, क्योंकि नवंबर में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी।

## सुरक्षा और निगरानी के सख्त इंतजाम

मेयर चुनाव के लिए एक बार फिर डॉ . रमनीक बेदी को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव के दिन पार्षदों के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति को नगर निगम परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। समर्थकों और यहां तक कि पार्षदों के निजी सुरक्षा कर्मियों पर भी प्रतिबंध रहेगा ।उपायुक्त के निदेर्शानुसार पूरी चुनावी प्रक्रिया की बिना संपादन वाली वीडियोग्राफी कराई जाएगी, जिसे कम से कम 90 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। केवल अधिकृत अधिकारियों को ही परिसर में प्रवेश की अनुमति होगी।

# बायपास से विकास की रीढ़: KMP एक्सप्रेसवे पर बसेंगे हरियाणा के 5 नए स्मार्ट शहर

चंडीगढ़/यूटर्न/3 जनवरी। केएमपी (कुंडलीझ्रमानेसरझ्रपलवल) एक्सप्रेसवे कभी केवल दिल्ली के ट्रैफिक को कम करने का रास्ता माना जाता था, वह अब हरियाणा के भविष्य के विकास की रीढ़ बनने जा रहा है। 135.6 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के साथ-साथ पाँच नए स्मार्ट शहर विकसित करने की योजना बनाई गई है, जो आधुनिक और अंतरराष्ट्रीय शहरी योजना के सिद्धांतों पर आधारित होंगे। इस पहल का उद्देश्य विकास को कुछ बड़े शहरों तक सीमित रखने के बजाय पूरे क्षेत्र में संतुलित रूप से फैलाना है, ताकि 2041 तक की आबादी और रोजगार की जरूरतों को पूरा किया जा सके।



## विकास और प्रशासनिक सुधार

राज्य सरकार का कहना है कि बीते वर्षों में बड़ी संख्या में विकास परियोजनाओं को पूरा किया गया है। प्रशासनिक सुधारों पर विशेष ध्यान दिया गया, जिनमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रणाली, भर्तियों में पारदर्शिता और नई नीतियों व कानूनों को लागू करना शामिल है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी सुविधाएँ पहुँचाने का प्रयास किया गया है। सात-सितारा (रेनबो) योजना के तहत गाँवों को सुविधाओं के आधार पर रेटिंग दी जाती है, जिसमें अधिकांश गाँव छह-सितारा श्रेणी में आ चुके हैं।

## केएमपी कॉरिडोर: एक नया विकास अध्याय

केएमपी एक्सप्रेसवे को अब केवल सड़क परियोजना नहीं, बल्कि स्वावलंबी शहरों की श्रृंखला के रूप में देखा जा रहा है। इन शहरों में रहने, काम करने और व्यापार की सुविधाएँ एक साथ विकसित की जाएँगी। इस परियोजना को हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (ल्लरक्कक्लऌ) लागू करेगा। योजना और निगरानी के लिए एक विशेष संस्था पंचग्राम विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है।

## 760 गांवों को करेगी प्रभावित

यह परियोजना पाँच जिलों के लगभग 760 गाँवों को प्रभावित करेगी। शहरों की योजना इस तरह बनाई जा रही है कि ट्रैफिक जाम, हरियाली की कमी और पुरानी अवसंरचना जैसी समस्याएँ शुरू से ही न हों। इसके लिए पानी प्रबंधन, ऊर्जा की बचत और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को शुरूआत से शामिल किया जाएगा।

## भविष्य के पाँच स्मार्ट शहर

केएमपी एक्सप्रेसवे के साथ विकसित होने वाले प्रत्येक शहर की एक अलग पहचान और भूमिका तय की गई है, ताकि पूरा क्षेत्र एक विविध और मजबूत आर्थिक गलियारा बन सके। हालांकि इन शहरों के नाम अभी तय नहीं किए गए हैं, लेकिन उद्देश्य यह है कि दिल्ली-एनसीआर पर निर्भरता कम हो और लोगों को घर के पास रोजगार मिले।

## शहर का स्थान जिला मुख्य उद्देश्य प्रमुख गतिविधि

नॉर्दर्न गेटवे सोनीपत शिक्षा व तकनीक रिसर्च संस्थान, आईटी पार्क लॉजिस्टिक्स नेक्सस झज्जर भंडारण व विनिर्माण वेयरहाउस, फैक्ट्रियाँ न्यू गुरुग्राम विस्तार गुरुग्राम वित्तीय व कॉर्पोरेट केंद्र कार्यालय, उच्च स्तरीय आवास कमर्शियल कनेक्टर नूंह व्यापार व कृषि-आधारित उद्योग मंडियाँ, फूड प्रोसेसिंग साउदर्न स्मार्ट सिटी पलवल आवास व लघु उद्योग सस्ता आवास, छोटे उद्योग 2041 को ध्यान में रखकर योजना इस पूरी परियोजना की योजना लंबे समय की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसके कई मुख्य बिंदु हैं। जिसमें पानी, सीवर और बारिश के पानी की समेकित व्यवस्था, पार्क, जंगल और पैदल चलने के लिए सुरक्षित क्षेत्र, केएमपी और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जुड़ी स्मार्ट सड़कें, उद्योग और व्यापार के लिए अलग-अलग क्षेत्र, सोहना के पास बन रहे 1,000 एकड़ के ह्यग्लोबल सिटीह्न जैसे प्रोजेक्ट्स से तालमेल शामिल है।

## हरियाणा के भविष्य की नींव

केएमपी एक्सप्रेसवे के साथ पाँच स्मार्ट शहरों का विकास केवल इमारतें खड़ी करने का काम नहीं है, बल्कि यह हरियाणा के भविष्य की नींव रखने की कोशिश है। इससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा और छोटे इलाकों में भी विकास पहुँचेगा। योजना के अनुसार, बेहतर आवास, रोजगार के अवसर और आधुनिक सुविधाएँ लोगों को कम दूरी में बेहतर जीवन देने का रास्ता खोलेंगी। इस दृष्टि से, केएमपी एक्सप्रेसवे अब सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि हरियाणा को भविष्य की ओर ले जाने वाला मार्ग बनता जा रहा है।

# आप के नाम से छुटभैया नेताओं ने अपनाया ठगी का नया पैंतरा, सरकार को बदनाम करने की साजिश




लुधियाना/यूटर्न/3 जनवरी। आम आदमी पार्टी के नाम पर कुछ छुटभैया नेताओं द्वारा लोगों से ठगी करने का नया तरीका अपनाया जा रहा है। उनकी तरफ से दुकानदारों से छोटी छोटी पेमेंट का सामान ले लिया जाता है और पेमेंट भी नहीं की जाती। ऐसे करके उक्त छुटभैया नेताओं द्वारा पार्टी को बदनाम करने की साजिशें की जा रही है। ताजा मामला लुधियाना के हल्का वेस्ट में हंबड़ा रोड का सामने आया है। जहां पर खुद को आम आदमी पार्टी का नेता कहने वाले नवदीप सिंह नवी नामक व्यक्ति पर एक दुकानदार व्यापारी द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता दुकानदार नरेश मित्तल का आरोप है कि उसकी हंबड़ा रोड पर तेज स्टील के नाम से दुकान है। जहां से करीब एक साल पहले नवदीप सिंह नवी द्वारा 50 हजार रुपए का सामान खरीदा गया था। जानकार होने के चलते उस पर भरोसा करके नरेश मित्तल ने सामान दे दिया। सामान लेने के बाद उसने पेमेंट के लिए टाल मटोल करनी शुरू कर दी। उसने जो चैक किया वह भी बाउंस हो गया। फिर उसने पेमेंट देने से साफ इंकार ही कर दिया।



## व्यापारी की पोस्ट सोशल मीडिया पर हो रही वायरल

व्यापारी नरेश मित्तल ने परेशान होकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट सांझी की। जिसमें उसने नवदीप नवी पर ठगी के आरोप लगाए हैं। इसी के साथ व्यापारी ने नवदीप की आप पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान के साथ भी फोटो शेयर की है। हालांकि यह पोस्ट तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इस पोस्ट के बावजूद न तो नवदीप नवी ने सामने आकर अपना बयान दिया और न ही आप पार्टी के किसी लीडर द्वारा व्यापारी की परेशानी को देखते हुए कोई बयान जारी किया है।

## कोठी के लिए खरीदा था सामान

व्यापारी नरेश मित्तल ने बताया कि नवदीप नवी ने अपनी कोठी बनाने के लिए सामान खरीदा था। जिसकी पेमेंट के लिए वह बहानेबाजी कर रहा है। हालांकि व्यापारी को अपने ही सामान के पैसे लेने के लिए इतनी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## केजरीवाल और सीएम की तस्वीरों का हो रहा मिसयूज

बता दें कि नवदीप नवी की और से अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आप पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान को गुलदस्ते देते हुए तस्वीरें शेयर की है। लोगों में चर्चा है कि ऐसे लीडरों द्वारा पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल और सीएम मान की तस्वीरों का मिसयूज कर लोगों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हालांकि एक तरफ मंत्री संजीव अरोड़ा जैसे लीडर काम करके लोगों में पार्टी की अच्छी छवि बनाने में लगे हैं। दूसरी तरफ नवी जैसे लीडर सरकार की छवि जनता में खराब कर रहे हैं।

## कई लीडरों के जरिए पैसे लेने का किया प्रयास

नरेश मित्तल ने बताया कि नवदीप नवी खुद को आप पार्टी का बड़ा लीडर बताता है। उन्होंने पहले काफी समय नवदीप नवी से मिन्नतें कर पैसे लेने का प्रयास किया, मगर वे बहाने बनाता रहा और फिर कह दिया कि कौन से पैसे, मैंने कोई पैसे नहीं देने। जिसके बाद मित्तल ने आप पार्टी के ही कुछ लीडरों के जरिए पैसे लेने की कोशिश की। लेकिन वह लीडर भी पेमेंट नहीं दिला सके।

Uturn Time 04 Jan 2026_Page 1-4.qxd 1/3/2026 10:59 PM Page 2



# सिर्फ जुड़ाव नहीं, साझेदारी: एनआरआईज के लिए पंजाब का नया रोडमैप

चंडीगढ़/यूटर्न/3 जनवरी। पंजाब का ग्लोबल डायस्पोरा लंबे समय से राज्य की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और अंतर्राष्ट्रीय छवि का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। इसे पहचानते हुए, पंजाब सरकार ने एनआरआई की चिंताओं को दूर करने, सेवाओं को सुव्यवस्थित करने और विदेशों में रहने वाले पंजाबियों के साथ भावनात्मक और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के प्रयासों को तेज किया है। दस्तावेजों के डिजिटल सत्यापन से लेकर समर्पित शिकायत निवारण तंत्र और बड़े पैमाने पर जुड़ाव की योजनाओं तक, राज्य एक अधिक उत्तरदायी और सक्रिय दृष्टिकोण का संकेत दे रहा है। इस खास इंटरव्यू में, पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने एनआरआई मामलों के विभाग की हाल की पहलों, भविष्य की योजनाओं और सरकार का लक्ष्य विश्वास को स्थायी निवेश और साझेदारी में कैसे बदलना है, इस बारे में बात की।



**ए-रंल्लां पोर्टल लॉन्च करने का क्या कारण था और यह एनआरआईज की कैसे मदद करता है?**

ए-रंल्लां पोर्टल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए देरी, बिचौलियों और फिजिकल विजिट को खत्म करने के लिए लॉन्च किया गया था। एनआरआईज को अक्सर विदेशों से शैक्षिक और व्यक्तिगत दस्तावेजों को सत्यापित करवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह पोर्टल एक सुरक्षित, ऑनलाइन और समयबद्ध समाधान प्रदान करता है, जिससे सिस्टम पारदर्शी और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनता है।

**विदेशों में फंसे 27 पंजाबियों की वापसी के लिए एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता थी। यह घटना पंजाब एनआरआई कल्याण के प्रति बदलते दृष्टिकोण के बारे में क्या बताती है ?**

यह दिखाता है कि हम एक प्रतिक्रियाशील मॉडल से हटकर एक उत्तरदायी और समन्वित मॉडल की ओर बढ़े हैं। हमारे विभाग अब विदेशों में भारतीय मिशनों और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं। ध्यान शुरूआती हस्तक्षेप, परिवारों के साथ स्पष्ट संचार और यह सुनिश्चित करने पर है कि संकट में फंसे पंजाबियों को जटिल परिस्थितियों से अकेले निपटने के लिए न छोड़ा जाए।

**सरकार ने एक समर्पित एनआरआई भवन योजना की घोषणा की है। यह किस उद्देश्य को पूरा करेगा ?**

एनआरआई भवन पंजाब आने वाले एनआरआईज के लिए एक सिंगल-विंडो फिजिकल हब होगा। यह शिकायत निवारण, निवेश सहायता, सांस्कृतिक जुड़ाव और विभागों के साथ समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा। यह सिर्फ एक इमारत से कहीं अधिक, अपने ग्लोबल पंजाबियों के प्रति पंजाब के सम्मान और खुलेपन का प्रतीक होगा।

**2026 में एक ग्रैंड एनआरआई मिलनी की योजना है। इस कार्यक्रम से क्या उम्मीद कर सकते हैं?**

एनआरआई मिलनी साझा जड़ों और भविष्य की साझेदारियों का एक बड़े पैमाने पर उत्सव होगा। यह संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और निवेश के अवसरों के लिए एक मंच प्रदान करेगा। हम चाहते हैं कि एनआरआईज पंजाब के साथ जुड़ने के बारे में भावनात्मक रूप से जुड़ाव महसूस करें और आर्थिक रूप से आत्मविश्वास महसूस करें।

**एनआरआई पुलिस विंग अब तक कितनी असरदार रही है?**

जवाब - एनआरआई पुलिस विंग सक्रिय और संवेदनशीलता से काम कर रही है। यह प्रॉपर्टी विवाद, धोखाधड़ी और उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के साथ देखती है। इससे एनआरआई२ के बीच भरोसा काफी बढ़ा है, जिन्हें अब लगता है कि उनके मुद्दों को गंभीरता से लिया जाता है और पेशेवर तरीके से हल किया जाता है।

**इंडस्ट्री के नजरिए से, ये पहल पंजाब की अर्थव्यवस्था में कैसे मदद करती हैं ?**

भरोसा निवेश की नींव है। जब एनआरआईज कुशल सिस्टम, सुरक्षा और जवाबदेह शासन देखते हैं, तो वे इंडस्ट्री, स्टार्टअप, रियल एस्टेट और सामाजिक प्रोजेक्ट्स में निवेश करने के लिए ज्यादा तैयार होते हैं। ये पहल सीधे तौर पर आर्थिक विकास और रोजगार पैदा करने में योगदान देती हैं।

**आप विदेश में रहने वाले पंजाबियों को क्या संदेश देना चाहेंगे?**


पंजाब हमेशा आपका घर है। हम आपके योगदान, आपकी भावनाओं और आपकी आकांक्षाओं को महत्व देते हैं। सरकार पंजाब के साथ जुड़ाव को आसान, सुरक्षित और फायदेमंद बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपको पंजाब की विकास गाथा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# नई वार्डबंदी पर अदालत का सरकार को नोटिस टू स्टे

## आगामी नगर परिषद चुनाव पुरानी वार्डबंदी के अनुसार होने के आसार

जीरकपुर, यूटर्न, 03 जनवरी। आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर पंजाब सरकार द्वारा जीरकपुर में की गई नई वार्डबंदी पर फिलहाल रोक लगती नजर आ रही है। नई वार्डबंदी के खिलाफ नगर परिषद के लगभग सभी पार्षदों द्वारा विरोध प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों ने इस वार्डबंदी को अदालत में चुनौती दी थी। इस मामले पर सुनवाई करते हुए माननीय अदालत ने पंजाब सरकार को नोटिस टू स्टे जारी कर दिया है। अदालत के इस आदेश के बाद नई वार्डबंदी के आधार पर चुनाव कराने की प्रक्रिया पर अस्थायी रूप से विराम लग गया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 3 फरवरी 2026 को होगी, जिसके बाद अदालत द्वारा अंतिम फैसला सुनाए जाने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर 2025 को जीरकपुर नगर परिषद क्षेत्र की नई वार्डबंदी की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इसके साथ ही नई वार्डबंदी का नक्शा नगर परिषद कार्यालय के बोर्ड पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। नक्शा सामने आते ही नगर परिषद के अधिकांश पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पर आपत्ति जतानी शुरू कर दी। पार्षदों का आरोप था कि नई वार्डबंदी में जनसंख्या संतुलन, भौगोलिक स्थिति और



प्रशासनिक सुविधा जैसे बुनियादी मानकों को नजरअंदाज किया गया है, जिससे कई वार्डों में असमानता पैदा हो रही है।

सरकार की ओर से 29 दिसंबर 2025 तक इस नई वार्डबंदी को लेकर आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे। तय प्रक्रिया के तहत आपत्तियां मिलने के बाद इस वार्डबंदी को नोटिफाई करने के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाना था, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी। हालांकि, इसी बीच मामला अदालत पहुंच गया। अदालत में याचिका दायर होने के कारण सरकार इस वार्डबंदी को अंतिम रूप से नोटिफाई नहीं कर सकी।

कानूनी जानकारों और स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अदालत की कार्यवाही और बड़ी संख्या में दाखिल आपत्तियों को देखते हुए इस वार्डबंदी के लागू होने की संभावना फिलहाल कम दिखाई दे

> नगर परिषद की टर्म 5 अप्रैल 2026 को खत्म हो रही है। नियमों के अनुसार जो नई वार्डबंदी की गई थी, वह पूरी तरह गलत थी। हमने इस नई वार्डबंदी को अदालत में चुनौती दी थी, जिसके बाद माननीय अदालत ने सरकार को नोटिस टू स्टे जारी किया है। अब नगर परिषद के चुनाव पुरानी वार्डबंदी के अनुसार ही होने चाहिए।
>
> — उदयवीर सिंह ढिल्लों, अध्यक्ष, नगर परिषद जीरकपुर

रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि अदालत ने नई वार्डबंदी में खामियां पाई या सरकार की प्रक्रिया को नियमों के विपरीत माना, तो आगामी नगर परिषद चुनाव पुरानी वार्डबंदी के अनुसार ही कराए जा सकते हैं। इससे चुनावी तैयारियों में जुटे संभावित उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों की रणनीति पर भी सीधा असर पड़ेगा।

गौरतलब है कि जीरकपुर नगर परिषद का मौजूदा कार्यकाल 5 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में समय रहते चुनाव कराना अनिवार्य है। यदि नई वार्डबंदी को लेकर विवाद लंबा खिंचता है, तो प्रशासन के सामने चुनाव प्रक्रिया को समय पर पूरा करने की चुनौती भी खड़ी हो सकती है। फिलहाल अदालत के नोटिस टू स्टे के बाद स्थिति स्पष्ट होने तक चुनाव प्रक्रिया को लेकर असमंजस बना हुआ है।

## घरेलू हिंसा पर पंचकूला पुलिस का शख्त एक्शन, महिला व बेटी से मारपीट करने वाला दामाद गिरफ्तार



पंचकूला, यूटर्न, 03 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने महिला व उसकी बेटी के साथ गंभीर मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैक्टर-2 चौकी में पंचकूला निवासी एक महिला ने दिनांक 3 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका दामाद उसकी बेटी के साथ सरिया से बेरहमी से मारपीट कर रहा था। जब शिकायतकर्ता महिला ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसके साथ भी सरिया से मारपीट की और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद दोनों घायलों का सामान्य नागरिक अस्पताल में उपचार कराया गया। इस संबंध में थाना सैक्टर-5 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 117(2), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## बेखौफ बदमाशों ने घर आकर परिवार के साथ की मारपीट, आठ लोगों पर केस दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/3 जनवरी। अगवाड ख्वाजा बाजू, जगराओं निवासी भूपिंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि



उसका बेटा कमजोर सिंह किसी काम से बाजार गया था, तभी उसके पड़ोसी वीर सिंह सोनी पुत्र गुरमेल सिंह और उसके दोस्त प्रिंस निवासी मोहल्ला मुकददपुरी ने उसके बेटे को नलके वाले चौक के पास घेर लिया और तेजधार हथियारों से उसकी पिटाई कर दी। जब मेरा बेटा घर आया तो वे मेरे बेटे का पीछा करते हुए मेरे घर आ गए और मेरी, मेरी पत्नी और बेटे-बेटी के साथ हथियारों से मारपीट की। इस मामले में जगराओं सिटी थाने के एसआई सतपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर जसवीर सिंह सोनी पुत्र गुरमेल सिंह, विक्की, मोहित, लाडी पुत्र जसवीर सिंह, ऐकम पुत्र प्रीती, प्रिंस, जस्सा मैकेनिक और हीरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## अलग-अलग जगहों से नशीली गोलियों के साथ दो गिरफ्तार, पर्चा दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/3 जनवरी। सिधवां बेट थाने में तैनात कांस्टेबल वरिंदर कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि हरजीत



सिंह रवि पुत्र भूपिंदर सिंह निवासी गांव तलवंडी कलां नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है, जिसके खिलाफ सिद्दमा बेट थाने में केस दर्ज है। दूसरे मामले में सदर रायकोट थाने के एएसआई लखवीर सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि जतिंदर कुमार पुत्र राकेश गर्ग निवासी मोहल्ला मौलवियां, रायकोट नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है, जिसके खिलाफ दाना सदर रायकोट में केस दर्ज है। इन दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों से 20-20 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं।

## सुधार और हठूर पुलिस ने दो नशेड़ियों के खिलाफ किया केस दर्ज

जगरांव/यूटर्न/3 जनवरी। पहले केस के बारे में जानकारी देते हुए थाना सुधार के एसआई मनोहर लाल ने बताया कि उन्हें



सूचना मिली कि मनिंदर सिंह मनी, पुत्र सेवक सिंह निवासी अकालगढ़, जो नशा करने का आदी है और अभी भी दाना मंडी सुधार में अपनी गाड़ी में नशा कर रहा है, जिसके खिलाफ सुधार थाने में केस दर्ज किया गया है। दूसरे केस में, हठूर थाने के प्रमुख कुलजिंदर सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहम्मद अजरुद्दीन उर्फ विक्की पुत्र बूटा खान निवासी नथोवाल को गिरफ्तार किया है, जो गांव फेरू राय के श्मशान घाट में हेरोइन का नशा कर रहा था। जिसके पास से हेरोइन और हेरोइन इस्तेमाल करने का सामान बरामद कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## अलग-अलग जगहों से 15 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जगरांव/यूटर्न/3 जनवरी। सदर जगराओं थाने की पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 15 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में एसआई धरमिंदर सिंह ने



बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस पार्टी ने एक संदिग्ध कार चालक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दूसरे मामले में एएसआई मंजीत सिंह ने बताया कि वे पुलिस पार्टी के साथ चेकिंग पर जा रहे थे और एक बाइक चालक उन्हें देखकर घबरा गया। पुलिस पार्टी ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से 9 ग्राम हेरोइन और 4500 ड्रग मनी बरामद हुई। इन दोनों तस्करों के खिलाफ सदर जगरांव थाने में मामला दर्ज किया गया है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 रविवार, 04 जनवरी 2026



पेज 06 गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा मोरी गेट ने शान से...

# नगर निगम के कर्मचारी पर हुआ जानलेवा हमला, लोगी ने हमलावर को पकड़ा

सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/3 जनवरी। बस्ती जोधेवाल के पास एक नगर निगम के कर्मचारी पर जानलेवा हमला हुआ। जिसमे नगर निगम कर्मचारी विनोद घायल हो गया। विनोद का कहना है कि किसी पुरानी रंजिश को लेकर लखबीर सिंह द्वारा नगर निगम के कर्मचारी विनोद कुमार पर हमला किया। हमलावर बहादुर के रोड का रहने वाला है और वह ई-रिक्शा चलाता है।

विनोद कुमार ने बताया कि अगर वहां मौजूद आसपास के लोग हमलावर को नहीं रोकते तो हमलावर लखबीर सिंह विनोद कुमार को जान से मार देता। मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़कर थाना बस्ती जोधेवाल ले गए। जहां पर पुलिस वालों ने यह घटना दरेसी थाने के अंतर्गत आती है कह कर उनको दरेसी थाना जाने को कहा। लोग हमलावर व कर्मचारी को लेकर दरेसी थाने पहुंचे। जहाँ हमलावर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। विनोद सलेम टाबरी का रहने वाला है और वह सफाई का कार्य करता है। विनोद कुमार बाल सिंह नगर के पास अपना कार्य कर रहा था। तभी लखबीर सिंह द्वारा चाकू से उनके ऊपर कई वार किए गए। थाना दरेसी के एएसआई हरपाल सिंह ने बताया कि घायल विनोद कुमार के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है और हमलावर से पूछताछ की जा रही है।



# अवैध कब्जे हटवाने गई निगम-पुलिस के साथ कब्जाधारी निहंग सिंहों का हुआ विवाद, जमकर हुई तकरार



लुधियाना/यूटर्न/3 जनवरी। शिवपुरी चौक के पास बुड्डा दरिया की सड़क को प्रशासन की ओर से खोला जा रहा है और नई पुली बनाई जा रही है। ऐसे में अवैध रूप से बनी इमारतों को लेकर नोटिस जारी किए गए थे और 40 दिन का समय दिया गया है। हालांकि 4 दिन पहले भी पुलिस ने मकान मालिकों को चेतावनी दी थी। लेकिन शनिवार को जब निगम की टीम पुलिस के साथ अवैध कब्जे हटवाने गई तो वहां निहंग सिंहों के साथ विवाद हो गया। जब पुलिस कार्रवाई करने पहुंची तो निहंग सिंह निशान साहिब लेकर रास्ते में बैठ गए। जहां निहंग सिंहो और पुलिस में तकरार देखने को मिली है। इस दौरान मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस और निहंग सिंह आमने-सामने हो गए। वहीं मामला गरमता हुए देख मौके पर पहुंचे नगर निगम के एमटीपी ने निहंगों को सोमवार तक का समय दे दिया गया है। वहीं निहंग सिंहों का कहना हैकि वह 1992 से यहां पर बैठे हुए है। ऐसे में प्रशासन उन्हें कहीं ओर जगह मुहैय्या करवा कर दें।

# कबाड़ के गोदाम में अचानक लगी आग, इलाके में मचा हड़कंप



लुधियाना/यूटर्न/3 जनवरी। सलेम टाबरी इलाके में स्थित पीरू बंदा में कबाड़ के गोदाम को अचानक आग लग गई। जिस कारण इलाके में अफरा तफरी मच गई। पता चलते ही इलाके के लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन आग बढञ गई। जिसके बाद फायर बिग्रेड विभाग को सूचित किया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गोदाम की छत पर अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगी। आसपास रिहायशी इलाका होने के कारण अफरा तफरी मच गई थी, लेकिन इलाके के कड़ी मुश्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसके बाद फायर विभाग ने मौके पर पहुंचकर पूरे तरीके से आग पर काबू पाया।


# जीरकपुर पुलिस ने गाडियों में डलने वाले नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्टरी का किया पदार्फाश, केस

जीरकपुर, यूटर्न, 03 जनवरी। जीरकपुर में मोटरसाइकिल, कार या अन्य गाडी की सर्विस करवा रहे हैं तो उसमें पुराना निकालकर नया डलने वाले वाले इंजन ऑयल और इंजन को ठंडा रखने वाले कूलेंट की अच्छी तरह से जांच कर लें। क्या पता इंजन ऑयल की बोतल का स्टिकर तो नामी कंपनी के जैसा दिखने वाला नकली इंजन ऑयल हो सकता है। दरअसल यह दावा कोई ओर नहीं, बल्कि ए.एस.पी. गजलप्रीत कौर ने जीरकपुर के भबात स्थित गोडाउन एरिया से एक नकली इंजन और कूलेंट बनाने वाली फैक्टरी में छापामारी करने के बाद किया है। उनका कहना है कि छापामारी दौरान पुलिस को भारी मात्रा में नकली इंजन ऑयल प्लास्टिक के ड्रमों में से बरामद हुआ है, जिनको आगे भरने वाले नामी कंपनियों के जैसे दिखने वाले डिब्बे बरामद हुए हैं। दूसरी ओर, पुलिस ने संबंधित कंपनियों के प्रबंधकों को बुलाकर इसकी जांच करवाई, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति खिलाफ कॉपीराइट एक्ट सहित अन्य धाराओं तहत केस दर्ज कर लिया है। वहीं, आरोपी की पहचान संदीप कौशिक निवासी एवरग्रीन रैजीडैंसी, पीरमुछल्ला (जीरकपुर) के रूप में हुई है। जानकारी मुताबिक, जीरकपुर के भबात स्थित गोडाउन एरिया से पुलिस विभाग को किसी एक गोदाम के अंदर नकली इंजन ऑयल बनाने की शिकायत मिली, जिसके बाद पुलिस ने अपने स्तर पर इसकी जांच शुरू की और मौका पाकर शुक्रवार शाम ए.एस.पी. गजलप्रीत के नेतृत्व में गोडाउन में छापामारी को अंजाम दिया। दूसरी ओर, पुलिस पार्टी को देख गोडाउन में काम करने वाले कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने गोडाउन में बड़े और भारी भरकम ड्रमों में इंजन ऑयल बरामद हुआ और इसकी जांच के लिए मौके पर फोरैंसिक विभाग की टीम से जांच करवाई। जबकि गोडाउन के मालिक से इतनी बड़ी मात्रा से बरामद हुए इंजन ऑयल को लेकर पूछताछ की, लेकिन गोडाउन मालिक पुलिस के सवालों का जवाब देने में असमर्थ रहा। ये देख पुलिस ने पैट्रोलियम पदार्थ का निर्माण करने वाली निजी कंपनियों के नुमाइंदों के साथ संपर्क साधकर मौके पर बुलवाया और पंजाब सरकार के उन अधिकारियों को बुला लिया, जो इसकी देखरेख का काम करते हैं। वहीं, दोनों ने गोडाउन से भारी मात्रा में बरामद हुए इंजन ऑयल व अन्य पदार्थ की जांच की, जिसके बाद सैंपल्स भरकर जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं और पुलिस ने आगामीं जांच तक के लिए गोडाउन को नायब तहसीलदार कशिश गर्ग की मौजूदगी में सील करके बंद कर दिया है।

# जरूरतमंद लोगों की सेवा करने से मिलता है सकून: सरीन

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 03 जनवरी। अपने लिए तो हर कोई करता है इंसान वही है दूसरों के लिए कुछ कर सके और जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ सेवा करे। दूसरों के दुख दर्द को समझते हुए आगे आकर सेवा करे। ऐसे ही समाजसेवी हैं अमृतसर के रहने वाले डॉ वनीत सरीन जो अपनी पॉकेट से जरूरतमंद लोगो की सेवा करते हैं। जहां लोग अपने अपने ढंग से नया साल और लोहड़ी मनाते हैं वहीं डॉ सरीन नव वर्ष और लोहड़ी के अवसर पर लगातार 15 दिन जरूरतमंद लोगों की सहायता करते हैं। वह 1 जनवरी से 15 जनवरी तक शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जरूरतमंद लोगों की सेवा करते हैं। वह इन दिनों में बूट, जुराबें, कंबल, लोई, स्वेटर, टोपियां, दस्ताने आदि चीजें जरूरतमंद लोगों को खुद जाकर वितरित करते हैं। इस बारे में पूछने पर डॉ वनीत सरीन ने बताया कि ऐसा वह इंसानियत के नाते करते हैं और इससे उनकी आत्म को सकून मिलता है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में वह किसी का सहयोग नहीं लेते बल्कि अपनी जेब से ही सारा खर्च करते हैं।



# चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस ने अढङ फ्रॉड के मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार, 3.26 लाख रुपये की ठगी का पदार्फाश

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 जनवरी। चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस ने अढङ फ्रॉड के मास्टरमाइंड देवांश गोयल (23), निवासी गुरुग्राम को गिरफ्तार किया है, जो 3.26 लाख रुपये की धोखाधड़ी में शामिल था। शिकायतकर्ता रमेश सिंह रावत को व्हाट्सएप पर "MPparivahan APK" लिंक भेजकर मोबाइल में मैलवेयर इंस्टॉल कराया गया, जिससे AU Small Finance Bank और क्ळक्ळकइंल्ल' के क्रेडिट कार्ड से कुल 3,26,294 की अनधिकृत निकासी हुई। जांच में सामने आया कि इस राशि का उपयोग गिफ्ट कार्ड और ऑनलाइन सोना खरीदने में किया गया और रक्ट कार्ड के जरिए दिल्ली-एनसीआर में सोना डिलीवर कराया गया। गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास iPhone 13 Pro Max और वह मोबाइल नंबर बरामद हुआ। पुलिस अब डिजिटल डिवाइस की जांच कर बचे गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। साइबर क्राइम पुलिस ने जनता को सलाह दी है कि अज्ञात APK लिंक पर क्लिक न करें, दो-कारक प्रमाणीकरण चालू रखें, मोबाइल को रिसेट न करें और किसी भी धोखाधड़ी की घटना पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं।




# नववर्ष पर डीएमसी द्वारा जनरल ओपीडी परामर्श शुल्क में भारी कटौती

सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/3 जनवरी। नववर्ष के शुभ अवसर पर डीएमसी अस्पताल ने आम जनता को एक विशेष उपहार देते हुए जनरल ओपीडी परामर्श शुल्क को 120 रुपए से घटाकर मात्र 20 रुपए कर दिया है, ताकि हर व्यक्ति कम खर्च में डॉक्टर से परामर्श प्राप्त कर सके। इस पहल से लोगों को समय पर बीमारी की पहचान और उपचार में मदद मिलेगी, बिना परामर्श शुल्क की चिंता किए। ओपीडी शुल्क में कमी से स्वास्थ्य सेवाएं परिवारों के लिए अधिक सुलभ होंगी, लोग बीमारी के शुरूआती चरण में ही डॉक्टर से संपर्क करेंगे, छोटी स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर होने से बचेंगी और सभी को बिना आर्थिक दबाव के विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। डीएमसी मैनेजिंग सोसाइटी के सचिव बिपिन गुप्ता ने कहा कि हमें आम जनता को यह सुविधा प्रदान करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी मरीज आर्थिक कारणों से चिकित्सा परामर्श से वंचित न रहे। डीएमसी अस्पताल भविष्य में भी समाज के हित में ऐसे कदम उठाता रहेगा।

उन्होंने आगे बताया कि डीएमसी अस्पताल में उच्च दक्षता वाले डॉक्टरों की टीम और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से मरीजों को किफायती दरों पर सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डीएमसी अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. जी.एस. वांडर ने कहा कि मरीजों की देखभाल हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यह पहल अधिक से अधिक लोगों को बीमारी के प्रारंभिक चरण में ही डॉक्टर से परामर्श लेने और मात्र 20 की नाममात्र राशि पर समय पर चिकित्सा सलाह प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।



Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
Happy Birthday
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW *T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# मोहाली हत्याकांड का चौंकाने वाला खुलासा, घर में बंधा नौकर ही निकला साजिशकर्ता



अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 03 जनवरी ।फेज-5 में स्थित पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व अतिरिक्त एडवोकेट जनरल के.के. गोयल की पत्नी अशोक गोयल की हत्या और घर में हुई लूट की वारदात को लेकर पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जिस नौकर को वारदात के दौरान बंधक बनाए जाने की कहानी सामने आई थी, वही नीरज कुमार इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड निकला।

पुलिस के अनुसार अशोक गोयल की गला घोंटकर हत्या करने और लूट को अंजाम देने की योजना नौकर नीरज ने ही रची थी। खुद को पीड़ित दिखाने के लिए उसने खुद को कुर्सी से बंधवाया, ताकि शक उस पर न जाए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जिला अदालत में पेश किया, जहां से उसे 9 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

जांच में सामने आया है कि वारदात को अंजाम देने वाले दो अन्य आरोपी नीरज के करीबी हैं। दोनों फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों में लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद घर से करीब 40 तोले सोने के आभूषण और लगभग साढ़े आठ लाख रुपये नकद लूटे गए थे, जो फिलहाल फरार आरोपियों के पास ही हैं। पुलिस ने आरोपी नीरज से गहन पूछताछ शुरू कर दी है और वारदात स्थल के साथ-साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात के बाद आरोपी चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे और ट्रेन के माध्यम से फरार हो गए। इसी कड़ी में पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

बीते सोमवार रात दो आरोपियों ने पूर्व एएजी के घर में घुसकर अशोक गोयल की हत्या कर दी थी और लूट की वारदात को अंजाम दिया था। सुबह जब घरेलू सहायिका घर पहुंची तो उसने अशोक गोयल को कमरे में बेसुध अवस्था में पड़ा पाया और नौकर को बंधा हुआ देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अशोक गोयल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरी साजिश की परतें और खुलेंगी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वेस्टर्न कमांड मुख्यालय, चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन का किया दौरा

## मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मानवीय सहायता के दौरान वेस्टर्न कमांड के प्रयासों की सराहना की






पंचकूला, यूटर्न, 03 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज वेस्टर्न कमांड मुख्यालय, चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर उनका स्वागत एवं ब्रीफिंग लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, आर्मी कमांडर, वेस्टर्न कमांड द्वारा की गई। दौरे की शुरूआत वेस्टर्न कमांड संग्रहालय के अवलोकन से हुई, जहाँ मुख्यमंत्री को कमांड के गौरवशाली इतिहास, प्रमुख सैन्य अभियानों, वीरता गाथाओं तथा विकसित होती सैन्य परंपराओं की जानकारी दी गई, जिससे इसकी परिचालन विरासत का समग्र परिप्रेक्ष्य प्राप्त हुआ।



इसके उपरांत वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ विस्तृत ब्रीफिंग एवं संवाद के दौरान मुख्यमंत्री को वेस्टर्न कमांड की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इसमें ऑपरेशन ह्यसिंदूरह्न के अंतर्गत उपलब्धियाँ, ऑपरेशन ह्यराहतह्न के दौरान प्रदत्त मानवीय सहायता, चल रही भर्ती रैलियां, युवा संपर्क कार्यक्रम, लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सिस्टम, आधुनिकीकरण की पहलें तथा नई प्रौद्योगिकियों के समावेश पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। पूर्व सैनिकों के कल्याण से जुड़ी पहलों जिसमें सीनियर वेटरन्स होम भी शामिल है को ब्रीफिंग के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो भारतीय सेना के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की गरिमा एवं देखभाल के प्रति उसकी सतत प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मानवीय सहायता के दौरान वेस्टर्न कमांड के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान हेतु हरियाणा सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। दौरे का समापन मुख्यमंत्री और आर्मी कमांडर के बीच संक्षिप्त एक-से-एक संवाद के साथ हुआ, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा, युवा सशक्तिकरण और पूर्व सैनिक कल्याण के प्रति सुदृढ़ नागरिकह्न सैन्य समन्वय और साझा प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि हुई।

# वर्ष 2026 के लिए पंचकूला पुलिस की रणनीतिः डीसीपी की अध्यक्षता में हुई क्राइम मीटिंग, तय हुआ पूरा रोडमैप

## 2026 में पंचकूला पुलिस को टेक्नोलॉजी बेस्ड ट्रेनिंग, एआई ऐप्स और आधुनिक टूल्स से किया जाएगा सशक्त, विशेष लैब होंगी निर्धारित

पंचकूला, यूटर्न, 03 जनवरी। वर्ष 2026 में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पुलिसिंग को बेहतर, संवेदनशील व स्मार्ट बनाने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा एक ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार देर शाम डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता की अध्यक्षता में सैक्टर-1 पंचकूला स्थित जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में लगभग 4 घंटे तक एक मैराथन क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी एसीपी, थाना प्रभारी एवं चौकी इंचार्ज शामिल हुए, जिसमें अपराध की समीक्षा, लंबित मामलों, महिला अपराधों, तकनीकी सशक्तिकरण और जनता से बेहतर संवाद जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक के दौरान डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चोरी, स्नैचिंग और लूट जैसे अपराधों पर पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी लंबित मामलों की गहन समीक्षा करते हुए जांच प्रक्रिया में तेजी लाने और गुणवत्ता में सुधार करने पर विशेष जोर दिया, ताकि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सके। डीसीपी ने जिले में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए इस दिशा में और अधिक सतर्क, त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा पंचकूला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता को सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए।

बैठक में डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने पुलिसकर्मियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की भी सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जब भी कोई नागरिक थाना या चौकी में आता है, वह पहले से ही पीड़ा में होता है, ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि उसकी समस्या को अपनी समस्या समझकर संवेदनशीलता के साथ उसकी सहायता की जाए। इसी भावना को मजबूत करने के लिए ह्लमेरा थाना, मेरी जिम्मेदारीह्व पहल को और प्रभावी रूप से लागू करने पर बल दिया गया, ताकि प्रत्येक पुलिसकर्मी अपने थाना क्षेत्र को अपने परिवार की तरह समझे और किसी भी आपराधिक घटना होती है तुरंत मौके पर पहुंचना सुनिश्चित करे।

वर्ष 2026 में पंचकूला पुलिस को और अधिक स्मार्ट व तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। डीसीपी ने बताया कि पुलिसकर्मियों को टेक्नोलॉजी बेस्ड ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें एआई आधारित एप्स, पुलिस प्रणामी में उपयोग होने वाले नए सॉफ्टवेयर तथा आधुनिक तकनीकी टूल्स का प्रशिक्षण शामिल होगा। इसके लिए विशेष लैब भी निर्धारित की गई है और पूरी प्रशिक्षण रुपरेखा तैयार की जा रही है।


डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष के अंतिम चरण में पंचकूला पुलिस द्वारा सभी कार्यालयों, पुलिस थानों, चौकियों, यातायात चौकियों और सभी प्रमुख पुलिस संपर्क बिंदुओं पर क्यूआर कोड लगाए गए थे। इन क्यूआर कोड्स के माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल फोन से सीधे फीडबैक फॉर्म तक पहुंच सकते हैं, जहां वे पुलिस सेवा की गुणवत्ता, पुलिसकर्मियों के व्यवहार और उनकी समस्याओं के समाधान की प्रभावशीलता को रेट कर सकते हैं। इस पहल से नागरिकों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिल रहा है और पुलिस सेवा वितरण में निरंतर सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण फीडबैक प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में लोग सक्रिय रूप से पुलिस को रिव्यू कर रहे हैं, जिससे पुलिसिंग को और अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनाया जा रहा है।

पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराजः पंचकूला पुलिस वर्ष 2026 में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, तकनीकी सशक्तिकरण और जनता के विश्वास को मजबूत करने के लक्ष्य के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

चंडीगढ़/ट्रांसिटी

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

05 रविवार, 04 जनवरी 2026



पेज 08 हिमाचल के नालागढ़ में हुए बम धमाके की ...

# CHB की बेनाम शिकायतों पर कार्रवाई से मनीमाजरा में रोष, RWA ने सांसद मनीष तिवारी से हस्तक्षेप की मांग



चंडीगढ़, यूटर्न, 03 जनवरी। चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड में अनॉनिमस बेनाम शिकायतों के आधार पर की जा रही कार्रवाई को लेकर मनीमाजरा क्षेत्र के स्थानीय निवासियों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि शिकायतकर्ता की पहचान उजागर किए बिना, तथ्यों की जांच और ठोस प्रमाणों के अभाव में नोटिस जारी करना व जांच शुरू करना प्राकृतिक न्याय और पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली से कानून का पालन करने वाले नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जबकि व्यक्तिगत रंजिश और शिकायतों के दुरुपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। इससे प्रशासन पर आम जनता का भरोसा कमजोर हो रहा है।

इस मुद्दे को लेकर रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा की ओर से सांसद मनीष तिवारी से हस्तक्षेप की मांग की गई है। फ्हअ ने आग्रह किया है कि चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करवाए जाएं, ताकि बिना सत्यापन की अनॉनिमस शिकायतों पर कोई कार्रवाई न हो, शिकायतकर्ता की पहचान और दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य किए जाएं, केवल बेनाम शिकायतों पर आधारित लंबित मामलों की स्वतंत्र समीक्षा कराई जाए, नागरिकों को उत्पीड़न से बचाने के लिए पारदर्शी और न्यायसंगत नीति लागू की जाए। इसके साथ ही न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा के मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय की अनुपस्थिति को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई। फ्हअ ने बताया कि सामुदायिक केंद्र और व्यस्त बाजार क्षेत्र होने के बावजूद शौचालय न होने से दुकानदारों, महिलाओं और आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जो स्वच्छता और मानवीय गरिमा के विपरीत है। प्रशासन से मांग की गई है कि जनहित और स्वच्छ भारत अभियान को ध्यान में रखते हुए मुख्य बाजार में शीघ्र सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाए।इस अवसर पर फ्हअ के प्रेसिडेंट सतवीर सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सलाहकार सुनील परखी, जनरल सेक्रेटरी साहिल छावर सहित एग्जीक्यूटिव मेंबर्स बलवीर, होमवर्क, राजेश कुमार, रॉकी, प्रथम सिंह, राजवीर सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पीजीजीसी गर्ल्स कॉलेज सेक्टर-42 में ओपन जिम का उद्घाटन, सांसद मनीष तिवारी रहे मुख्य अतिथि






चंडीगढ़, यूटर्न, 03 जनवरी। पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स सेक्टर-42, चंडीगढ़ में 7 दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दौरान कॉलेज परिसर में ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। यह पहल छात्राओं के स्वास्थ्य, फिटनेस और समग्र विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।ओपन जिम का उद्घाटन चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने किया। इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर चंडीगढ़ जसबीर सिंह बंटी तथा चंडीगढ़ टेरिटोरियल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष एच.एस. लकी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. बीनू डोगरा, सभी एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी और बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि युवाओं, विशेषकर छात्राओं के लिए शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली बेहद आवश्यक है, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास को मजबूत करती है।

प्रचार्या प्रो. डॉ. बीनू डोगरा ने सांसद मनीष तिवारी और सीनियर डिप्टी मेयर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ओपन जिम छात्राओं में अनुशासन, आत्मबल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम का समापन छात्राओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और सशक्त नागरिक बनाने के संकल्प के साथ हुआ, जो कॉलेज की सोच और राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के अनुरूप है।

# हाई कोर्ट को मिली न्यायिक मजबूती, दो अतिरिक्त जजों की नियुक्ति से बढ़ेगी सुनवाई की रफ्तार




चंडीगढ़, यूटर्न, 03 जनवरी। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को न्यायिक कार्यभार संभालने के लिए बड़ी राहत मिली है। केंद्र सरकार ने हरियाणा कैडर के दो वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों को हाई कोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की है।कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति ने रमेश चंद्र दिमरी और नीरजा कुलवंत कौर कलसन को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है। इन नियुक्तियों के बाद हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की कार्यरत संख्या बढ़कर 61 हो गई है, जबकि कुल स्वीकृत पदों की संख्या 85 है। बताया जा रहा है कि ये नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 16 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में की गई सिफारिशों के आधार पर की गई हैं। लंबे समय से लंबित मामलों के दबाव को देखते हुए इन नियुक्तियों को न्यायिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में वर्तमान में 4,20,880 मामले लंबित हैं। हालांकि यह संख्या जनवरी 2025 में दर्ज 4,32,227 मामलों की तुलना में 11,347 कम है, लेकिन कार्यभार अब भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि नए अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति से मामलों के निपटारे में तेजी आएगी और आम जनता को न्याय मिलने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी होगी।

## सुप्रीम कोर्ट का समय खत्म, चंडीगढ़ में अवैध वेंडर अब पुलिस की पकड़ में



चंडीगढ़, यूटर्न, 03 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध और अनधिकृत वेंडरों को हटाने के लिए दिए गए समय के समाप्त होने के बाद नगर निगम ने अब पुलिस विभाग को कार्रवाई के लिए आदेश दे दिए हैं। पहले निगम को 48 घंटे का समय मिला था, जिसे बाद में एक सप्ताह तक बढ़ाया गया था। बावजूद इसके, शहर के मार्केट, पार्किंग, फुटपाथ और कारीडोर में अवैध वेंडर अब भी कब्जा जमाए हुए हैं। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने एंफोर्समेंट विंग को निर्देश दिए हैं कि वे अवैध वेंडरों की सूची तैयार कर पुलिस को सौंपें। निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि वेंडर 24 घंटे के भीतर अपने स्टॉल नहीं हटाते, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एंफोर्समेंट विंग यह तय करेगी कि कौन वेंडर वैध है और कौन अवैध।

इस अभियान के दौरान अब तक एक हजार से अधिक चालान जारी किए जा चुके हैं, लेकिन वेंडर अपने काम को जारी रखने के लिए सामान बदलकर या दूसरे स्टॉल पर शिफ्ट होकर काम कर रहे हैं। नगर निगम के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट की छुट्टियां 5 जनवरी तक हैं, जिससे निगम को फिलहाल थोड़ी राहत मिली है। छुट्टियों के बाद निगम को कोर्ट में अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, और तब कोर्ट यह तय करेगा कि आगे क्या कदम उठाए जाएँ।

## युवा ही राष्ट्र की शक्ति, केंद्र व राज्य सरकार ने युवाओं को नीति के केंद्र में रखा: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी




पंचकूला, यूटर्न, 03 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अनेक युवा-केंद्रित योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर वह कार्य किए हैं, जो पूर्ववर्ती सरकारें कई दशकों में भी नहीं कर सकीं। मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम में 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सवझ2026 में भाग लेने जा रहे हरियाणा के राज्य प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 64 सदस्यीय हरियाणा युवा दल से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया, सामूहिक फोटो खिंचवाया और प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए रवाना किया। यह महोत्सव 9 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जहां हरियाणा के युवा समूह नृत्य, वाद-विवाद, पेंटिंग, यंग लीडर्स डायलॉग, हैक फॉर सोशल कॉज और विकसित भारत के लिए डिजाइन जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झंडा केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, शौर्य और युवाओं के साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाया जाता है, जो विचारों और कर्मों से सदैव युवा रहे।

उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं की शक्ति से तय होता है। हरियाणा के युवा आज रक्षा, खेल, शिक्षा, कृषि और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही राज्य की लोक संस्कृति—नृत्य, संगीत और कला राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणा की पहचान को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा सशक्तिकरण ही सशक्त भारत की कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र एवं विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।

Uturn Time 04 Jan 2026_Page 1-4.qxd 1/3/2026 10:59 PM Page 6



# गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा मोरी गेट ने शान से निकाला नगर कीर्तन, शहरवासियों ने किया जोरदार स्वागत





चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/3 जनवरी। इलाके के मशहूर गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा मोरी गेट से एक बड़ा नगर कीर्तन सुबह करीब 11 बजे गुरुद्वारा गुरु नानक पुरी मोरी गेट से शुरू हुआ, जो शहर का चक्कर लगाता हुआ देर शाम गुरुद्वारा मोरी गेट साहिब पर समाप्त हुआ। गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी भाई परमवीर सिंह मोती की शुरूआती अरदास के बाद, मैनेजमेंट कमेटी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अजीत सिंह मिगलानी ने गुरु साहिब को फूलों की बारिश, मंत्रों की गूंज और बैंड बाजों की मनमोहक धुनों के साथ एक खूबसूरत सजी हुई ट्रॉली में बड़े आदर और तहजीब के साथ सुशोभित किया। गुरु साहिब को सुंदर सजी हुई पालकी में सुशोभित करने के बाद, धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की देखरेख में और पंज प्यारे उनकी अगुआई में नगर कीर्तन निकला। मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रेसिडेंट प्रिंसिपल चरणजीत सिंह के निदेशों पर अपनी ड्यूटी अच्छे से निभा रहे थे। गुरुद्वारा भहोई साहिब में हमेशा की तरह बाबा अरविंदर सिंह नानकसर ने गुरु ग्रंथ साहिब जी को दुशाला भेंट की और रेलवे रोड पर गुरुद्वारा भहोई साहिब के मैनेजमेंट की तरफ से लंगर भी लगाया गया। गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के जनरल सेक्रेटरी हरदेव सिंह बॉबी, पैट्रन तरलोक सिंह सिडाना, ट्रेजरर इंदरपाल सिंह वच्छेर, चेयरमैन कुलबीर सिंह सरना, असिस्टेंट ट्रेजरर रविंदर पाल सिंह मैद, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अजीत सिंह मिगलानी, प्रेस सेक्रेटरी चरणजीत सिंह सरना, एडवाइजर दीपिंदर सिंह भंडारी, सिंह लांबा, गगनदीप सिंह सरना ड्यूटी पर मौजूद रहे। नगर कीर्तन देखने वालों में भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, पूर्व विधायक एसआर कलेर, पूर्व चेयरमैन कंवलजीत सिंह मल्ला, दीपिंदर सिंह भंडारी, हरदेव सिंह गुरमीत सिंह, हरविंदर सिंह चावला, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस प्रेसिडेंट राजेश इंदर सिद्धू, प्रेसिडेंट सुखदेव सिंह नसराली, रणजीत सिंह हैप्पी, अजीत सिंह ठुकराल, गुरप्रीत सिंह भजनगढ़, चरणजीत सिंह चीनू, प्रेसिडेंट राजिंदर जैन काका और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## असहाय परिवारों को सहयोग करना हमारी सामाजिक जिम्मेवारी:- नीलम, आदर्श जैन



लुधियाना, यूटर्न, 03 जनवरी। महिला शाखा भगवान महावीर सेवा सोसाइटी की ओर से 118 वा मासिक राशन वितरण का आयोजन सिविल लाइन के जैन स्थानक में सामूहिक महामंत्र नवकार के उच्चारण के साथ शुरू किया, इस मौके पर महिला शाखा अध्यक्ष नीलम जैन (कंगारू ग्रुप) ने बताया आज का आज के मासिक राशन वितरण का लाभ स्वर्गीय सत प्रकाश जैन जी की पुन्य स्मृति पर उनकी धर्मपत्नी कांता देवी जैन सुपुत्र दानवीर विनोद जैन व पुत्रवधू आशी जैन परिवार मेसर्स गोयम स्क्रू प्रेस एवं स्वर्गीय लाला मेघराज - धनदेवी जैन, फूलचंद जी त्रिशला देवी जैन, परवीन जैन , मीनू जैन , शाही लिबास परिवार रायकोट लुधियाना इन दोनों परिवार के सहयोग से आज 90 ऐसे जरूरतमंद परिवार जो राशन से भी असहाय हैं, इन परिवारों की मदद करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है, यह सभी मानव सेवा के कार्य लुधियाना समाज के दानवीर परिवारों के सहयोग से निरंतर किया जा रहे हैं ,आज इस मौके पर महिला शाखा चेयरपर्सन, आदर्श जैन,अध्यक्ष नीलम जैन महामंत्री ऋचा जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन, सह कोषाध्यक्ष रमा जैन, सोनिया जैन, श्रद्धा दूगड़, समिता जिंदल, सुनीता देवी, सुषमा जैन, निधि जैन, भगवान महावीर सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश जैन ,उपाध्यक्ष राजेश जैन, सह मंत्री सुनील गुप्ता आदि अन्य उपस्थित थे।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

# क्या क्रिकेट देश की आन से भी ऊपर है?

यह सच है कि क्रिकेट भारत में केवल एक खेल नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ जुनून है। हर जीत पर देश झूम उठता है और हर हार पर निराशा छा जाती है। क्रिकेट के प्रति प्रेम होना निस्संदेह एक अच्छी और सकारात्मक बात है, लेकिन जब यह प्रेम देशहित से ऊपर चला जाए, तब प्रश्न उठना स्वाभाविक है। आज यहदेखा जा रहा है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे कुछ देशों में भारत के विरुद्ध साजिशें चलती रहती हैं। वहाँ हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की खबरें भी समय-समय पर सामने आती हैं। ऐसे माहौल में इन देशों के साथ लगातार क्रिकेट खेलना और खेल के नाम पर सब कुछ नजरअंदाज करना कई लोगों को पीड़ा पहुँचाता है। खेल को राजनीति से अलग रखने की बात कही जाती है, लेकिन जब राजनीति और हिंसा सीधे मानवता को प्रभावित कर रही हो, तब पूरी तरह चुप रहना भी सवालों के घेरे में आता है। हाल ही में शाहरुख खान की टीम द्वारा एक बांग्लादेशी खिलाड़ी को नौ करोड़ से भी ज्यादा रुपये में खरीदे जाने को लेकर भी बहस तेज हुई। कुछ लोगों का मानना हैकि ऐसे फैसले अप्रत्यक्ष रूप से उन व्यवस्थाओं को समर्थन देते हैं जो भारत और भारतीयों के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया रखती हैं। इसलिए यह सवाल उठता है कि क्या केवल व्यापार और खेल के लाभ के लिए राष्ट्रीय भावनाओं को नजरअंदाज करना उचित है? क्या इससे देशवासियों की भावनाएँ आहत नहीं होती हैं?

देशप्रेम का अर्थ यह नहीं कि हम खेल से नफरत करें, बल्कि यह है कि हर निर्णय में राष्ट्रहित और मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखा जाए।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**CCTV Challan: गलती न हो तो क्या करें और अधिकार क्या हैं?**

आजकल कई लोगों को अचानक मोबाइल पर मैसेज आता है कि उनके वाहन का CCTV Challan कट गया है। कई बार लोगों को यह भी समझ नहीं आता कि गलती कब और कहाँ हुई। कुछ लोग बिना देखे चालान भर देते हैं, तो कुछ इसे नजरअंदाज कर देते हैं। दोनों ही स्थितियाँ आगे चलकर परेशानी का कारण बन सकती हैं।

CCTV Challan का उद्देश्य सड़क पर नियमों का पालन कराना है, न कि लोगों को फँसाना। लेकिन यह भी सच है कि कभी-कभी नंबर प्लेट साफ न दिखने, गलत एंगल, या तकनीकी कारणों से गलत चालान जारी हो सकता है। कानून इस बात को मानता है कि तकनीक सहायक साधन है, अंतिम सत्य नहीं।

अगर किसी व्यक्ति को लगता है कि CCTV Challan गलत है, तो सबसे पहले चालान का विवरण ध्यान से देखना चाहिए—तारीख, समय, स्थान और उल्लंघन का प्रकार। कई मामलों में चालान की फोटो या वीडियो ऑनलाइन उपलब्ध होती है, जिसे देखकर यह साफ हो जाता है कि वास्तव में कोई गलती हुई थी या नहीं। बिना जाँच किए तुरंत जुमार्ना भर देना बाद में आपत्ति का अवसर खत्म कर देता है।

कानून नागरिक को यह अधिकार देता है कि वह गलत चालान के खिलाफ आपत्ति दर्ज कर सके। निर्धारित ऑनलाइन या संबंधित प्राधिकरण के माध्यम से अपनी बात रखी जा सकती है। इसका मतलब यह नहीं है कि हर चालान गलत होता है, बल्कि यह कि गलती की संभावना को कानून पूरी तरह नकारता नहीं है।

यह भी जरूरी है कि CCTV Challan को पूरी तरह अनदेखा न किया जाए। लंबे समय तक भुगतान न करने या प्रतिक्रिया न देने से अतिरिक्त जुमार्ना, वाहन संबंधी परेशानी या अन्य कानूनी दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं। सही तरीका यही है कि या तो समय पर भुगतान करें, या फिर उचित तरीके से आपत्ति दर्ज कराएँ।

निष्कर्ष: CCTV Challan डर की नहीं, समझ की चीज है। अगर गलती हुई है तो उसे स्वीकार कर नियम का पालन करना ज़िम्मेदारी है, और अगर गलती नहीं हुई है तो उसे चुनौती देना आपका अधिकार है। जागरूक नागरिक वही है जो तकनीक का सम्मान भी करे और अपने अधिकारों का इस्तेमाल सही तरीके से करना भी जानता हो।

# जीरकपुर में अकाली कांग्रेस BJP को झटका

## आम आदमी पार्टी को मिली मजबूती, MLA रंधावा की लीडरशिप में नेता पार्टी में शामिल

जीरकपुर, यूटर्न, 03 जनवरी। जीरकपुर इलाके में आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल पोजीशन को बड़ी मजबूती मिली है। शनिवार को नागला के बाजीगर बस्ती और बलटाना के विकास नगर से कांग्रेस और अकाली दल के दर्जनों लोकल नेता, पंच और वर्कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इन सभी नेताओं को डेरा बस्सी से आम आदमी पार्टी के टछअ कुलजीत सिंह रंधावा ने पार्टी में शामिल कराया।



इस मौके पर ब्लॉक लेवल के आम आदमी पार्टी के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, नेता, वर्कर और लोकल रिप्रेजेंटेटिव मौजूद थे। पार्टी में शामिल होने वालों में बाजीगर बस्ती से रोशन लाल पंच, अजीत बाबा जी, जबल प्रधान, रोशन प्रधान, अशोक, सुंदर लाल, कांग्रेस व अकाली दल के परवीन और हंसराज पंच, तारा सिंह प्रधान, चरणजीत पंच, भाई लाल, अमरीक सिंह, छिंदरपाल, शिंगारा प्रधान, कश्मीर सिंह, खैराती राम, रोशनलाल सिंहपुरा, जोगिंदर, हरिराम, बलविंदर व गुरमीत कुमार आदि शामिल हैं।

## यूथ कांग्रेस नेता ने राजा वड़िंग के पंजाब के भविष्य के विजन की सराहना की

जीरकपुर, यूटर्न, 03 जनवरी। यूथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जतिंदर सिंह गोगिया ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों में 70 प्रतिशत टिकट युवाओं और नए चेहरों को देने के पार्टी फैसले का स्वागत किया है। गोगिया ने इसे पंजाब की राजनीति में सकारात्मक और दूरदर्शी कदम बताया।



जतिंदर सिंह गोगिया ने कहा कि राजा वड़िंग का यह निर्णय लोकतांत्रिक नवीनीकरण, समावेशी राजनीति और भविष्य केंद्रित सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह साहसिक फैसला न केवल पंजाब के युवाओं को सशक्त करेगा, बल्कि राजनीति में नए विचार और नई ऊर्जा भी लेकर आएगा। गोगिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर देने में विश्वास रखती आई है और यह फैसला उसी परंपरा का प्रमाण है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की राजनीतिक भागीदारी कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब आज बेरोजगारी, नशाखोरी और कानून-व्यवस्था जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनका समाधान युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। गोगिया ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आएं, जिम्मेदारी संभालें और एक बेहतर पंजाब तथा मजबूत भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

## चंडीगढ़ में स्नैचरों ने जंगल को बनाया छिपने का ठिकाना: पुलिस ने झुग्गी में आग लगाकर दबोचे, बचने के लिए पाल रखे 20 खतरनाक कुत्ते

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 जनवरी। चंडीगढ़ के मनीमाजरा इलाके में मोबाइल स्नेचिंग की बढ़ती घटनाओं पर पुलिस ने बड़ा कार्रवाई करते हुए दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अफजल उर्फ शालू और मोहम्मद सहदमान उर्फ साधु के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ये आरोपी वारदात के बाद हाउसिंग बोर्ड के पीछे घने जंगल में बनी झुग्गी में छिप जाते थे, जहां उनके बचाव के लिए झुग्गी के आसपास लगभग 20 खतरनाक कुत्ते रखे गए थे।मनीमाजरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि स्नैचिंग की घटनाओं के बाद आरोपी जंगल की ओर भाग जाते हैं। जांच के दौरान पुलिस ने जंगल में एक झुग्गी का पता लगाया, जहां आरोपी छिपे रहते थे। झुग्गी में एक बाबा रहता था और उसके आसपास बड़े खतरनाक कुत्ते थे, जो किसी को पास नहीं आने देते थे। जब पुलिस टीम झुग्गी के पास पहुंची, तो कुत्ते भौंकते हुए पुलिस की ओर दौड़ पड़े।



# पंजाब में 606 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र मिले, सीएम मान ने सौंपे, बोले-भर्ती के लिए बनाया स्पेशल कैडर

पंजाब/यूटर्न/3 जनवरी। पंजाब सरकार की तरफ से आज शिक्षा विभाग में रखे गए 606 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इसके लिए सरकार की तरफ से चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान नवनियुक्त कर्मचारियों को नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे पहले सीएम मान नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि जिन्हें नौकरी मिली है उन सभी को नव वर्ष और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई। 606 नई नियुक्ति में 385 स्पेशल एजुकेटर टीचर, 8 प्रिंसिपल रखे जा रहे हैं। इस दौरान शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत अधिकारियों को भी बधाई दी।



## सीएम बोले-यहां बुलाने का मतलब क्रेडिट लेना नहीं

सीएम भगवंत मान ने कहा कि आपको यहां बुलाने का मतलब क्रेडिट लेना नहीं, बल्कि अधिकारियों के आई कांटेक्ट करवाना है। उन्होंने कहा- बदकिस्मती है कि जिन लोगों ने चिट्ठी लिखनी थी उन्होंने लंबा समय अपने पेन आपके लिए नहीं चलाए। अपने चेलों और संगियों के लिए ही यह पेन चले हैं। आप सभी मेरा परिवार हैं, जितनी खुशी मेरे परिवार के सदस्य को नौकरी मिलने पर होनी थी, वही खुशी आज मुझे आप लोगों को नौकरी मिलने पर है। आपके परिवार के सपने संजोए थे, उसे पूरा करने का प्रयास हो रहा है।

## भर्ती के लिए बनाया स्पेशल कैडर

अपने संबोधन में सीएम मान ने कहा कि "मत यकीन कर अपने हाथ की लकीरों पर, नसीब तो उनका भी होता है जिनके हाथ नहीं होते।" यह शायरी पढ़कर कहा कि आप उन बच्चों को पढ़ाने का काम मिलेगा जो बोल, सुन और समझ नहीं सकते हैं। मैं ऐसे बच्चों से मिला हूं जो इस तरह से परेशान बच्चे हैं, उन्हें उनके माता पिता भी नहीं संभाल पाते हैं। एनजीओ उनका सहयोग जरूर करते हैं। उन्होंने कहा कि आपका स्पेशल कैडर बनाना पड़ा है, ताकि भर्ती की जा सके।

# फाइनल वार्डबंदी पर फिर एतराज लेने का मौका दे सरकार - बबली ढिल्लों

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/3 जनवरी। राज्य सरकार की ओर से स्थानीय नगर निगम चुनाव के लिए जारी की गई फाइनल वार्डबंदी को लेकर शिरोमणि अकाली दल बठिंडा शहरी के हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने मांग की है कि फाइनल वार्डबंदी पर एक बार फिर से लोगों को अपने एतराज दर्ज कराने का मौका दिया जाए, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता या पक्षपात को दूर



किया जा सके। बबली ढिल्लों ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि फाइनल घोषित की गई वार्डबंदी का नगर निगम की ओर से अब तक आधिकारिक नक्शा भी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

जब तक वार्डो का स्पष्ट नक्शा लोगों के सामने नहीं आएगा, तब तक आम नागरिक यह कैसे समझ पाएंगे कि उनके वार्ड की सीमाएं क्या हैं और किस तरह से उनका पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पारदर्शिता के बिना की गई वार्डबंदी लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने बताया कि फाइनल वार्डबंदी में शहर के लगभग सभी वार्डो को नए सिरे से पुनर्गठित कर दिया गया है। कई वार्डो का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया गया है और कहीं जनरल तो कहीं आरक्षित श्रेणी लागू कर दी गई है। इससे राजनीतिक संतुलन और सामाजिक प्रतिनिधित्व पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे में जनता को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वह अपनी आपत्तियां और सुझाव सरकार के सामने रख सके।

# हाईवे पर लिफ्ट के बहाने लूट करने वाले गैंग का सरगना गिरफ्तार

## 12 साल से सक्रिय 5 हजार का इनामी बदमाश पंचकूला पुलिस के शिकंजे में

पंचकूला, यूटर्न, 03 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने हाईवे पर लिफ्ट के बहाने लूट, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली करने वाले संगठित गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने 54 से अधिक वारदातों में शामिल 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश दीपक कुमार उर्फ दीपु को पिंजौर गार्डन से काबू किया। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले करीब 12 वर्षो से पंचकूला, मोहाली और अंबाला सहित आसपास के इलाकों में आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था। उसके खिलाफ स्नैचिंग, लूट, हत्या के प्रयास और हथियार तस्करी समेत कुल 19 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अदालत में पेशी के बाद आरोपी का तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है।



### महिला के जरिए फंसाता था वाहन चालक

जांच में सामने आया कि गिरोह महिला आरोपी के जरिए हाईवे पर वाहन चालकों को लिफ्ट के बहाने रोकता था। इसके बाद साथी हथियार दिखाकर लूटपाट, मोबाइा छीनना, डिजिटल ट्रांजैक्शन के जरिए पैसे ट्रांसफर कराना और ब्लैकमेलिंग करता था। अब तक गैंग 54 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है।

### ट्रक चालक से 50 हजार की ऑनलाइन लूट

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 13 दिसंबर को बद्दी से देहरादून जा रहे एक ट्रक चालक को चंडीमंदिर टोल प्लाजा के बाद एक युवती ने लिफ्ट के लिए रोका। कुछ दूरी पर कार सवार बदमाशों ने चाकू की नोक पर 2400 रुपये नकद, मोबाइल फोन लूट लिया और गूगल-पे के जरिए 50 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

### पहले तीन आरोपी गिरफ्तार, अब मास्टरमाइंड दबोचा

पुलिस ने 17 दिसंबर को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त वेगनआर कार बरामद की थी, जबकि 18 दिसंबर को महिला आरोपी को भी काबू किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 53 से अधिक वारदातों को कबूल किया। अब गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी से कई मामलों के खुलासे की उम्मीद है।

### पुलिस का सख्त संदेश

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अन्य राज्यों में भी आपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने कहा कि संगठित अपराध, लूट और स्नैचिंग के खिलाफ पंचकूला पुलिस की जीरो-टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे हाईवे पर अनजान लोगों को लिफ्ट न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# डेराबस्सी में निजी कॉलोनियों का बरसाती पानी जोड़ने की योजना से स्थानीय निवासी नाराज, किया जोरदार विरोध

डेराबस्सी, यूटर्न, 03 जनवरी। डेराबस्सी के सदाशिव रोड क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन द्वारा सैदपुर गांव के पास बन रही नई निजी कॉलोनियों के बरसाती पानी की निकासी को मौजूदा पाइपलाइन से जोड़ने के प्रयास को लेकर एटीएस लाइफस्टाइल, एटीएस प्रीलूड, सिमरन सिटी, शिवपुरी कॉलोनी तथा आसपास की अन्य सोसाइटियों के लोगों ने इस योजना का विरोध करते हुए गहरा रोष व्यक्त किया और डीसी से बात कर के सोमवार को ज्ञापन देने का समय लिया है।



इस मुद्दे पर पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं डेराबस्सी विधानसभा के कांग्रेस के प्रतिनिधि डेलीगेट श्री अमित बावा सैनी ने कहा कि सदाशिव रोड पर स्थित 4-5 आवासीय कॉलोनियों के बरसाती पानी की निकासी के लिए पहले से ही 2 ङ्क्षङ्घ चौड़ी मौजूद पाइपलाइन पर्याप्त नहीं है, जिससे हर बारिश में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से निवासी इस पाइप का आकार बढ़ाकर 4/6 फुट करने की मांग कर रहे थे, लेकिन प्रशासन द्वारा इसकी क्षमता बढ़ाने के बजाय नई विकसित हो रही कॉलोनियों, सैदपुरा गांव और कारखानों का पानी भी इसमें जोड़ने जा रहे है। जिसको स्थानीय निवासियों ने इकट्ठे हो कर विरोध कर रोका। दलील यह है की 2 फुट चौड़ी पाइप जो पहले ही ओवरफ्लो रहती है नया 4/6 फुट चौड़े पाइपलाइन का लोड कैसे संभाल सकेगी ?



Ananya Pandey

# हिमाचल के नालागढ़ में हुए बम धमाके की एनआईए ने जांच की शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/3 जनवरी। 1 जनवरी की आधी रात को सोलन के नालागढ़ में बम धमाका हुआ। गुरुवार को सोलन जिले के नालागढ़ में एक पुलिस स्टेशन के पास हुए इस धमाके की आवाज सुनकर नालागढ़ के कई लोग जाग गए। हालांकि, किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। यह हिमाचल में हुआ पहला बम धमाका है। हिमाचल में हुई एकमात्र दूसरी आतंकी घटना 1998 में हुई थी, जब डोडा से सटे चंबा में पाकिस्तान स्थित इस्लामिक आतंकवादी समूह हिजबुल मुजाहिदीन ने 35 हिंदुओं को मार डाला था। एक गली में हुए इस धमाके का असर इतना तेज था कि पास की इमारतों की खिड़कियां, जिसमें 40 मीटर दूर आर्मी कैंटीन की खिड़कियां भी शामिल हैं, टूट गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की तेज आवाज 400-500 मीटर दूर तक सुनी गई। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि एनआईए नालागढ़ बम धमाके की जांच कर रही है और घटना को अंजाम देने वालों के बारे में एजेंसी की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चलेगा।



### फोरेंसिक विशेषज्ञों ने लिए सैंपल

सोलन जिले में सीएम सुक्खु ने कहा कि राज्य के फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से सैंपल लिए हैं और इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। कंडाघाट में दिव्यांगजनों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि मामला जांच के अधीन है, इसलिए घटना को अंजाम देने वालों के बारे में एनआईए की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल पाएगा। बब्बर खालसा इंटरनेशनल और पंजाब सॉवरेनिटी अलायंस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में, जिसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, धमाके की जिम्मेदारी ली है।

### धमाके में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस किया इस्तेमाल

पोस्ट में दावा किया गया है कि धमाके के लिए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था, और यह हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा हिमाचल प्रदेश में बने सिंथेटिक ड्रग्स की पंजाब में तस्करी के खिलाफ कार्रवाई न करने के बदले में किया गया था। इसमें चेतावनी दी गई थी कि अगर इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो पुलिस प्रशासन की गाड़ियों और हेडक्वार्टर में आईईडी लगाए जाएंगे।

### मास्टरमाइंड अलग अलग देशों से कर रहे काम

पड़ोसी पंजाब में भी पुलिस स्टेशनों को निशाना बनाकर ऐसे ही हमले हो रहे हैं, जिसमें राज्य के डीजीपी ने पाकिस्तान पर शांति भंग करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि ऐसे हमलों के मास्टरमाइंड उत्तरी अमेरिका, यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया और खाड़ी देशों से काम कर रहे हैं।

# ट्रैफिक पुलिस की सख़्त नाकाबंदी, काटे कुल 92 चालान



जीरकपुर, यूटर्न, 03 जनवरी। शहर में शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार के दिन जीरकपुरट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निदेर्शानुसार शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की गहन जांच की गई औरट्रैफिकनियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरानट्रैफिक पुलिसने ड्रिंक एंड ड्राइव के 4 जबकि अन्य ट्रैफिक उल्लंघनों के 88 चालान काटे गए।पुलिसकी इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मचा रहा।ट्रैफिकइंचार्ज इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में जगह-जगह सख़्त नाकाबंदी की गई थी। कालका चौंक, पटियाला चौंक, वीआईपी रोड सहित कई अहम स्थानों परपुलिसनाके लगाए गए थे, जहां हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की गई। उन्होंने कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों औरट्रैफिकनियमों की अनदेखी करने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वेट्रैफिक नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत बनाएं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन लाली और हरियाली ग्रुप ने 2025 में 86 ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर 1560 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया

## नए साल के पहले कैंप में 21 यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ



पटियाला, यूटर्न, 03 जनवरी। जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए यूनिवर्सल वेलफेयर क्लब पंजाब और ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन मिशन लाली और हरियाली ग्रुप की तरफ से पटियाला के जन सहायता केंद्र में साल का पहला ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन अ.र.क हरदीप सिंह घग्गा और जगवंत सिंह जग्गी ने मिलकर ब्लड डोनेट करके किया, जबकि एडवोकेट भाग सिंह रामगढ़ ने 34वीं बार ब्लड डोनेट किया, एडवोकेट गुरसेवक सिंह गुरी, परमजीत सिंह पम्मी, गुरदास सिंह सियोना, अमित शर्मा, बलजिंदर सिंह, बहादुर सिंह, गुरमिंदर सिंह मिहोण, थानेदार सुरिंदर सिंह, राम सिंह बिल्ला, पूर्व सरपंच कटकाहेड़ी और 21 वॉलंटियर्स ने ब्लड डोनेट किया। ब्लड डोनर्स को सर्टिफिकेट और मफलर देकर सम्मानित किया गया। कैंप में विशेष अतिथि के रूप में प्रिंसिपल रिपुदमन सिंह और पूर्व ऊर.ढ. नाहर सिंह माजरी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।समाजसेवी अध्यापक हरविंदर पाल, कवि यतिंदर कुमार, इंटरनेशनल लेखक और शिक्षाविद अनिल भारती, मिशन के फाउंडर हरदीप सिंह सनौर, गोल्डन स्टार ब्लड डोनर सुखदीप सिंह सोहल, जत्थेदार करण सिंह जॉली, चाचा जगराज सिंह चहल, यूथ लीडर हरमीत सिंह बडूंगर, नरेश कुमार नाभा, गुरप्रीत सिंह ललीना, कॉन्ट्रैक्टर गुरबचन सिंह, भाई रविंदर सिंह भांखर, तेजिंदर सिंह मंडौर, गुरप्रीत सिंह ललीना, हरमिंदर ढींडसा, रणजीत सिंह झंडी और मनसाहिब सिंह मौजूद थे। हरदीप सिंह सनौर ने बताया कि पिछले 20 सालों से ब्लड डोनेशन कैंप लगाने की शुरूआती सेवा में साल 2025 में सहयोगी संस्थाओं की मदद से 86 ब्लड डोनेशन कैंप लगाए गए और केवल इसी एक वर्ष में 1560 यूनिट ब्लड इकट्ठा करके अलग-अलग ब्लड सेंटरों में जमा करवाया गया। इनमें से 12 कैंप भोग समागमों में लगाए गए। पिछले साढ़े 13 साल से यह ग्रुप लगातार हर महीने की 5 और 20 तारीख को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ब्लड बैंक सरकारी राजिंदरा अस्पताल, पटियाला में पहुंचकर खूनदान करता आ रहा है, जहां 336 ब्लड डोनेशन कैंपों में खून के 7392 यूनिट जमा हो चुके हैं। इनमें से 12 वॉलंटियर्स ने पहली बार खूनदान किया। खून देने वालों को इस महान सेवा से जोड़ने के लिए संस्था के 'रिमाइंडर कार्ड' की अपनी खासियत है। जिस पर खूनदान की मौजूदा तारीख और तीन महीने बाद खूनदान की तारीख, खूनदान से पहले और बाद में ध्यान रखने वाली बातें दर्ज हैं। ग्रुप की रिक्वेस्ट पर ब्लड बैंक रेगुलर खून देने वालों को 'रेगुलर ब्लड डोनर कार्ड' भी बना कर दे रहा है। ग्रुप से जुड़कर 10 से ज्यादा बार खूनदान कर चुके सैकड़ों डोनर्स को कई बार सम्मानित किया जा चुका है, ताकि दूसरे सेहतमंद युवाओं को प्रेरणा मिल सके। ग्रुप ने अब तक 1112 ब्लड डोनेशन कैंप के जरिए 35000 यूनिट से ज्यादा खून जमा किया जा चुका है और यह सेवा अभी भी लगातार जारी है। ग्रुप ने अब तक शादी के फंक्शन में 3 कैंप, भोग फंक्शन में 33 कैंप, मेरे घर ब्लड डोनेशन कैंप कैंपेन के तहत 5 कैंप, नए घरों और नए शोरूम के उद्घाटन के मौके पर, कई यादगार कैंप और कई नई जगहों पर कैंप लगाए हैं।

# जीरकपुर में चाइना डोर पर सख़्ती, प्रशासन ने किया पूर्ण बहिष्कार का आह्वान



जीरकपुर, यूटर्न, 03 जनवरी। शहर में चाइना डोर (चीनी मांझा) के उपयोग से हो रही लगातार घटनाओं और इसके गंभीर दुष्परिणामों को देखते हुए प्रशासन ने आम लोगों से सतर्क रहने और इसका पूर्ण बहिष्कार करने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि चाइना डोर न केवल इंसानों बल्कि पशु-पक्षियों और पर्यावरण के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मोहाली के एसडीओ अतुल शर्मा ने बताया कि चाइना डोर प्लास्टिक के धागे और धातु के बारीक पाउडर से तैयार की जाती है। यह न तो आसानी से टूटती है और न ही गलती है, जिससे इसके संपर्क में आने पर गंभीर कट लगने और दम घुटने जैसी घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बड़ी संख्या में पक्षी इस डोर के कारण घायल होते हैं या अपनी जान गंवा देते हैं। इसके अलावा यह दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और बच्चों के लिए भी बड़ा खतरा बनी हुई है। कई बार उड़ती हुई चाइना डोर बिजली के तारों से उलझकर करंट फैलने का कारण भी बन जाती है, जिससे बड़े हादसे होने की आशंका रहती है। नगर परिषद जीरकपुर के सैनिटरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चाइना डोर के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व चोरी-छिपे इसकी बिक्री कर रहे हैं, जो कानूनन अपराध है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।